# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

**Event: Art Gallery for First Freedom Fighting**

**Date: 16-07-2023**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
एवं
**कानपुर पंचायत**
द्वारा आयोजित
**प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कला वीथिका**
(इंस्टीट्यूट ऑफ फाईन आर्ट, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित)
तथा
**कानपुर पग-पग निशां तेरे - वृत्तचित्र**
(कानपुर पंचायत द्वारा निर्मित)
का
**लोकार्पण कार्यक्रम**
में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**वरेण्य अतिथि**

**माननीय सतीश महाना**
**अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश विधान सभा**

**श्री जयवीर सिंह**
**पर्यटन मंत्री, उ.प्र.**

**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय

**श्रीमती प्रमिला पाण्डेय**
महापौर
कानपुर नगर निगम

**कार्यक्रम विवरण**
रविवार, 16 जुलाई 2023
सायं 4.45 बजे
रानी लक्ष्मीबाई सभागार
**छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर**

निवेदक

**धर्म प्रकाश गुप्त**
संयोजक
कानपुर पंचायत

**राज कुमार सिंह**
प्रभारी, इंस्टीट्यूट ऑफ फाईन आर्ट
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय

**सुदीप गोयनका**
सह-संयोजक
कानपुर पंचायत

# क्रांति की गाथा सुनाएगी वि . की कला वीथिका

जासं, कानपुर : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को प्रथम स्वाधीनता संग्राम की स्मृतियों को सहेजने वाली छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की कला वीथिका का लोकार्पण किया। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आजादी के नायकों और संघर्ष के साथ ही उनके पवित्र उद्देश्य की जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए। कानपुर में पहली बार ऐसी कोई जगह बनी है जहां प्रथम स्वाधीनता संग्राम के ऐतिहासिक सत्य को जाना जा सकता है।

सीएसजेएमयू की नव स्थापित कला वीथिका में विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राओं की 21 भित्ति चित्रों का संग्रह है। इसमें नाना साहेब, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे के शस्त्र अभ्यास से लेकर क्रांति की योजना और अंग्रेजों की नृत्यशाला में आग लगाने के दृश्य हैं। विश्वविद्यालय और कानपुर पंचायत के वृत्त चित्र कानपुर पग-पग निशां तेरे का लोकार्पण भी विधानसभा अध्यक्ष ने किया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में शहर के इतिहास का स्मारक बनाने की पुरानी इच्छा पूरी हुई। कानपुर पंचायत के संयोजक धर्म प्रकाश गुप्त, सुदीप गोयनका, डा. अंकित गुप्ता, डा. राजकुमार सिंह, डा. बृजेश स्वरूप कटियार मौजूद रहे।



सीएसजेएमयू और कानपुर पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को स्मृति चिह्न देते कानपुर पंचायत के सह संयोजक सुदीप गोयनका। साथ में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक व कुलसचिव डा. अनिल यादव • जागरण

**प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों को सहेजने वाली कला वीथिका एवं वृतचित्र पग-पग तेरे निशां का किया लोकार्पण**

**विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की है मेहनत:** फाइन आर्ट्स विभाग के प्रभारी डा. राजकुमार सिंह ने बताया कि कला वीथिका में लगाई गई मूर्ति शिल्पियों को तैयार करने में विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के लगभग 20 विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की है। 10 विशेषज्ञों की देखरेख में इसे तैयार किया गया है। लगभग 20 दिन में सभी पेंटिंग तैयार हुई हैं। इन पर लगभग छह लाख रुपये खर्च हुए हैं।

**Event: Regional Art Exhibition-2023**

**Date: 18-07-2023**

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



प्रदर्शनी को देखते कुलसचिव डा. अनिल यादव, डॉ. ब्रजेश कटियार।

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 18 जुलाई।सीएसजेएमयू में राज्य ललित कला अकादमी एवं स्कूल आफ क्रिएटिव एण्ड परफार्मिंग आर्ट्स के संयुक्त त्वावधान में क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी-2023 का उद्घाटन विवि के कुलसचिव डा.अनिल कुमार यादव ने फीता काटा और दीप प्रज्वलित कर किया। क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी के संयोजक डा. बृजेश कटियार ने कहाकि प्रदर्शनी में झांसी, कानपुर, ललितपुर, बांदा, हमीपुर, जालौन, कन्नौज, औरैया, फतेहपुर, अकबरपुर आदि जनपदों के कलाकारों की 367 प्रविष्टियों में से 113 कलाकृतियों का चयन किया गया। कलाकृतियों में गठित कमेटी ने तीन कलाकारों की कृतियो को पुरस्कृत करने के लिए चयनित किया है। इनमें समीक्षा द्विवेदी (शीर्षक सफर), सुमित कुमार (शीर्षक राम संग सीता), सुबोध पाल (शीर्षक थिंकिंग) शामिल है। तीनों कलाकारों को दस हजार रुपये की धनराशि व प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा। ये प्रदर्शनी तीन दिनो तक चलेगी। इस दौरान प्रभारी राज कुमार सिंह, डा. प्रहलाद सिंह, डा. सचिव गौतम, डा. मिठाई लाल आदि मौजूद रहे।

**Event: Kanpur District Powerlifting & Open Bench Press Championship-2023**

**Date: 05-08-2023 to 06-08-2023**









**Event: Carvaan - 2023**

**Date: 10-08-2023**












विवि के हॉबी क्लब कारवां कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति। संवाद

## छात्रों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के हॉबी क्लब आत्मोदय ने बुधवार को कारवां 2023 का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए 80 व 90 के दशक के फिल्मी गीतों पर आधारित गायकी, नृत्य-काव्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति से मन मोह लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. वंदना पाठक, विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी व रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रवीन कटियार, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. ममता तिवारी, आदित्य कुमार, देवेश, तन्वी, विवेक राज श्रीवास्तव, अनुष्का त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। (ब्यूरो)

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

**Event: Kabaddi (M)**

**Date: 21-08-2023 to 22-08-2023**

### विवि में शुरू हुई कबड्डी प्रतियोगिता

कानपुर। विवि परिसर स्थित स्टेडियम में बुधवार से अंतर स्कूल एवं अन्तर विभागीय कबड्डी महिला/पुरुष प्रतियोगिता शुरू हो गई। यह गुरुवार को भी चलेगी। इसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया।

उद्घाटन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर नीरज कुमार सिंह ने किया। कबड्डी पुरुष/महिला टीम चयन के लिए डॉ. आशीष कुमार, डॉ. श्रवण कुमार यादव, डॉ, प्रभाकर पाण्डेय और निमिषा के साथ कोच धर्मेंद्र कुमार, अश्वनी मिश्रा रेफरी आदि उपस्थित रहे। इसमें पूल ''ए'' से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं पूल ''बी'' से स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेण्ट के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम ने 46-13 प्वाइंट से फाइनल मैच जीता।

### स्कूल ऑफ फिजिकल एजूकेशन कबड्डी कॉम्पटीशन में विनर

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (17 Aug):** सीएसजेएमयू कैंपस स्थित स्टेडियम में थर्सडे को अंतर स्कूल एवं अन्तर विभागीय कबड्डी महिला पुरुष प्रतियोगिता का आरम्भ हुआ. उद्घाटन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नीरज कुमार सिंह ने किया. प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज, स्कूल ऑफ फार्मेसी, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमिनिटी इन सोशल साइंसेज, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट,स्कूल आफ फाइन आर्ट एवं अन्य विभागों से मिलजुल कर कुल 8 टीमों ने भाग लिया.

वहीं, महिला वर्ग से स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, स्कूल ऑफ आर्ट्स ह्यूमिनिटी इन सोशल साइंसेज, स्कूल आफ फाइन आर्ट एवं अन्य विभागों से मिलीजुली टीम मिलाकर कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया. पुरुष वर्ग और महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं में स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम ने मैच जीता. इस मौके पर डॉ. आशीष कुमार, डॉ. श्रवण कुमार यादव, डॉ. प्रभाकर पांडेय, निमिषा और सर्वेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार और अश्वनी मिश्रा आदि मौजूद रहे.

### कबड्डी में स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम विजेता

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय स्थित स्टेडियम में अंतर स्कूल व अंतर विभागीय कबड्डी महिला व पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आठ टीमें व महिला वर्ग में चार टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नीरज कुमार सिंह ने किया। पुरुष वर्ग में स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन ने 46-13 से स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट को हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग में स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन की टीम ने स्कूल ऑफ फाइन आर्ट को 38-35 से हराकर खिताब जीता। (संवाद)

**Event: Painting competition**

**Date: 15-08-2023**

## कजरी व मेहंदी में दिखाई छात्रों ने प्रतिभा



सीएसजेएमयू के फाइन एंड परफार्मिंग आर्ट विभाग में तीज महोत्सव हुआ।

कानपुर। सीएसजेएमयू के फाइन एंड परफार्मिंग आर्ट विभाग में तीज महोत्सव के तहत मेहंदी, कजरी और श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता हुई। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. वंदना पाठक ने किया। छात्राओं ने डॉ. वंदना पाठक के भी मेहंदी लगाई। डॉ. रिचा मिश्रा, डॉ. मिठाई लाल, डॉ. बृजेश स्वरूप कटियार, डॉ. सचिव गौतम रहे।

## निबंध में अनिकेत, स्लोगन प्रतियोगिता में तान्या अव्वल

### एंटी रैगिंग सप्ताह के विजेताओं को किया गया सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर



एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान हुए कार्यक्रमों के विजेता। संवाद

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में चल रहे एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन शुक्रवार को हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. नीरज कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. प्रवीन कटियार, चीफ वार्डेन अनुराधा कालानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

निबंध प्रतियोगिता में अनिकेत यादव को पहला, साक्षी रानी को दूसरा और विनीता शर्मा को तीसरा पुरस्कार मिला। स्लोगन प्रतियोगिता में तान्या शुक्ला को पहला, प्रज्ञा को दूसरा और प्रियांशी को तीसरा पुरस्कार मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में विशाल सैनी को पहला, शिवी यादव को दूसरा और रवि प्रताप सिंह को तीसरा पुरस्कार मिला। लोगो प्रतियोगिता में फैजल अमीन को पहला, वंश मिश्रा को दूसरा और कार्तिकेय गौतम को तीसरा पुरस्कार मिला। इसके अलावा सात जनपदों के 77 गांवों एवं 19 बस्तियों में योगाभ्यास कराने वाले योग प्रशिक्षकों एवं वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र दिए गए।

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

**Event: Dastane Mukesh**

**Date: 06-09-2023**



**Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur**
**Uttar Pradesh State University**
**(Formerly Kanpur University, Kanpur)**

**Event: 67th Provincial Swimming Competition**

**Date: 04-09-2023 to 06-09-2023**

# तैराकी की 100 मीटर में स्पर्धा में दीपशिखा बनीं विजेता

जासं, कानपुर : 67वीं तीन दिवसीय प्रदेशीय विद्यालयी तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीएसजेएमयू के तरणताल में प्रतिभागियों ने तैराकी में प्रतिभा दिखाई। 100 मीटर तैराकी प्रतियोगिता में दीपशिखा विजेता बनीं। बुधवार को प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

जनपदीय जिला क्रीड़ा समिति के सचिव एनपी सिंह ने बताया कि अंडर 19 आयु के बालिका वर्ग में 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में अर्चना निषाद ने प्रथम, बालिका वर्ग 100 मीटर बेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में लखनऊ की दीपशिखा ने प्रथम, लखनऊ की रानी निषाद ने द्वितीय, 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में बालिका वर्ग से मिर्जापुर से रीतू निषाद ने प्रथम स्थान पाया। अंडर 17 आयु वर्ग के बालिका वर्ग में 100 मीटर बेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में लखनऊ की काजल चौहान और बालक वर्ग में सैफई के शिवम सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर 14 आयु के बालक वर्ग में 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में सैफई के अजीत यादव ने प्रथम स्थान पाया। इस संबंध में डीआइओएस डा फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता प्रतिभागियों को बुधवार को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

**Event: Hindi Pakhwara**

**Date: 09-09-2023**

काव्यधारा | छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में हुए कवि सम्मेलन में कवियों ने किया मंत्रमुग्ध

# तेरे प्यार का मारा हुआ हूं, सिकंदर हूं मगर हारा हुआ हूं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में गुरुवार को कलम के जादूगरों ने अभिव्यक्ति की ताकत से शब्दों की ऐसी माला पिरोई, जिसकी आभा में हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। मौका था हिंदी दिवस उत्सव पर रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित कवि सम्मेलन और विशिष्ट व्याख्यान का।



कवि सम्मेलन में प्रस्तुति देते प्रख्यात कवि अशोक चक्रधर। अमृत विचार

मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर ने सबसे पहले कविता पाठ करते हुए 'गूंजे गगन में महके पवन में हर एक मन में सद्भावना' का गीत सुनाया। आईएएस व कवि डॉ. अखिलेश मिश्र ने तुम अटल विश्वास हो छल हो बता दो, प्रेयसी किस पुण्य का फल हो बता दो... सुनाकर भाव विभोर किया। डॉ. हरिओम ने 'मेरे वजूद में इंसानियत की खुश्बू है, सुरों का रंग है हिंदी जुबा का जादू है....' 'मैं तेरे प्यार का मारा हुआ हूं, सिकंदर हूं मगर हारा हुआ हूं...' सुनाया। डॉ. सुरेश अवस्थी ने जैसे हो वैसे दिखो, पहनो नहीं नकाब, कांटों का भी प्यार मिले, बनकर खिलो गुलाब... सुनाया। सरला शर्मा ने हिन्दी भाषा भारत देश की शोभा है मुस्कान है, सच पूछो तो भाषा नहीं है हिंदी हिन्दुस्तान है...गीत सुनाया। मंच संचालन कर रहे प्रयागराज से आए डॉ. शैलेष गौतम ने भाषा की भाषा की भावभूमि है संवाद है हिन्दी, जादू है हिंदी .. सुनाकर हिंदी के महत्व को समझाया। इससे पहले 'हिंदी भाषा का महत्व और प्रासंगिकता' विषयक व्याख्यान में दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह और पद्मश्री अशोक चक्रधर ने पक्ष रखा। कार्यक्रम का संयोजन प्रति कुलपति, प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी ने किया।

कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार त्रिपाठी, सभी डीन, डायरेक्टर एवं शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

हिंदी पखवाड़ा के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की सौम्या मिश्रा ने पहला, स्कूल ऑफ़ हेल्थ साइंस की स्वीकृति दुबे ने दूसरा और स्कूल ऑफ़ आट्र्स, ह्युमनिटीज एंड सोशल साइंस के कृतिकेश सिंह ने तीसरा स्थान मिला। वाद–प्रतिवाद प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ़ लैंग्वेजेज की श्रेया शर्मा, अटल बिहारी वाजपेई स्कूल ऑफ़ लीगल स्टडीज के पीयूष पांडेय, स्कूल ऑफ़ एडवांस एग्रीकल्चरल साइंस की स्नेहा तिवारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया। स्वरचित कविता पाठ में स्कूल ऑफ़ लैंग्वेजेज के ऋतिक शुक्ला, स्कूल ऑफ़ टीचर्स एजुकेशन की मानसी मिश्रा, स्कूल ऑफ़ फार्मेसी के अनिकेत यादव को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला।

Event: Fresher's Cultural Program

Date: 10-09-2023



प्रतिभागियों में दिखा उत्साह.

हमदर्द साफी सेल्फी कांटेस्ट विनर नीति अवस्थी.

मार्गो नीम नेचुरल सेल्फी कांटेस्ट विनर आरती मिश्रा.

# Fun Unlimited...



### हमदर्द साफी प्रेजेंट्स, दैनिक जागरण नेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर पार्टी में हुआ धमाल

kanpur@inext.co.in

KANPUR (20 Sept): हमदर्द साफी प्रेजेंट्स, दैनिक जागरण आई नेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी कॉलेज फ्रेशर पार्टी का आयोजन वेडनसडे को सीएसजेएमयू के स्कूल आफ आर्ट्स, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज में किया गया. एक्टिविटी, गेम्स और अपनी हॉबी को दिखाकर स्टूडेंट्स ने जमकर एंजॉय किया. एंकर अमित शर्मा ने अपनी एंकरिंग से सभी को हंसाया और फ्रेशर पार्टी को फन एंड क्रेजी पार्टी में बदला. रैंप वॉक, सेल्फी कांटेस्ट, डांस, मिस ब्यूटीफूल स्कीन और मिस फ्रेश फेस समेत कई अलग अलग एक्टिविटीज में स्टूडेंट्स ने अपने टैलेंट को दिखाया.

### यह टीचर्स रहे मौजूद

फ्रेशर पार्टी में डिपार्टमेंट के टीचर्स ने भी स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया. यहां डॉ. प्रशांत, डॉ. अनीता, डॉ. मानस उपाध्याय, डॉ. अभिषेक और और पार्ले एग्रो से मार्केटिंग मैनेजर अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे.

मिस्टर फ्रेशर आदित्या शुक्ला.

मिस फ्रेशर अरिशा अजमल.

### ये हैं स्पॉन्सर्स

- टाइटल स्पांसर हमदर्द साफी
- को-पावर्ड बाई मार्गो नीम नेचुरल्स
- इन एसोसिएशन विद एप्पी फिज
- हाईजीन पार्टनर प्रो-ईज

### ये हैं विनर्स

- मिस्टर फ्रेशर - आदित्य शुक्ला
- मिस फ्रेशर - अरिशा अजमल
- हमदर्द साफी मिस ब्यूटीफूल स्कीन - त्रिशिता भट्टाचार्या
- हमदर्द साफी सेल्फी कांटेस्ट - नीति अवस्थी
- एप्पी फिज डांस परफार्मर - देवांश अग्निहोत्री
- मार्गो नीम नेचुरल मिस फ्रेश फेस कांटेस्ट- नीति अवस्थी
- मार्गो नीम नेचुरल्स सेल्फी कांटेस्ट - आरती मिश्रा
- प्रो इज कांफीडेंस विथ इज - रिया सिंह

### आदित्य बने मिस्टर फ्रेशर और अरिशा मिस फ्रेशर

फ्रेशर पार्टी के एंड मे मिस्टर और मिस फ्रेशर का सिलेक्शन किया गया, जिसमे आदित्य शुक्ला को मिस्टर और अरिशा अजमल को मिस फ्रेशर बनी. स्टूडेंटस ने तालियां बजाकर मिस्टर और मिस फ्रेशर का वेलकम किया. दोनो विनर्स ने अलग अलग कैटेगरी मे टैलेंट को दिखाकर खिताब को अपने नाम किया. मौजूद स्टूडेंट्स मे किसी ने रैंप वॉक की तो किसी ने फिल्मी गानो की धुन पर डांस किया. पार्टिसिपेंट्स का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया गया.



मार्गो सेल्फी फेस कंटेस्टंट.

एप्पी फिज डांस परफार्मर देवांश.

### आज फिजिकल एजूकेशन डिपार्टमेंट में मचेगा धमाल

फ्रेश एंड क्रेजी कॉलेज फ्रेशर पार्टी का आयोजन थर्सडे को सीएसजेएमयू के फिजिकल एजूकेशन डिपार्टमेंट के फ्रेशर स्टूडेंट्स के लिए किया जाएगा. कैंपस के मल्टीपर्पज हॉल में सुबह 11 बजे से धमाल मचेगा.

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

Event: Brain Battle - Debate Competition 2023

Date: 22-09-2023






## पलक, पीयूष बने विजेता

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में दीक्षांत से पहले 26 सितंबर तक दीक्षोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसके तहत गुरुवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. नीरज कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. प्रवीन कटियार व हॉबी क्लब की कोआर्डिनेटर डॉ. ममता तिवारी ने किया। प्रतियोगिता का विषय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसः एक सवाल या समस्या का समाधान रहा। छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष व विपक्ष में अपने तर्क रखे। पक्ष में पलक यादव प्रथम, सौम्या मिश्रा द्वितीय व कृतिकेश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह, विपक्ष में पीयूष पांडे प्रथम, पूर्णिमा तिवारी द्वितीय व आयुष वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष राजमणि व जनरल सेक्रेटरी शांभवी मिश्रा मौजूद रहे। (ब्यूरो)

## वाद-विवाद में पलक व पीयूष बने विजेता

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 28 सितंबर को है। समारोह से पहले 26 सितंबर तक दीक्षोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसके तहत गुरुवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. नीरज कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. प्रवीन कटियार व हॉबी क्लब की कोआर्डिनेटर डॉ. ममता तिवारी ने किया। प्रतियोगिता का विषय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसः एक सवाल या समस्या का समाधान रहा। छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष व विपक्ष में अपने तर्क रखे। जज के रूप में डॉ. दीक्षा शुक्ला, डॉ. ओम शंकर, डॉ. अजय तिवारी व डॉ. शेषमणि तिवारी उपस्थित रहे।

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

Event: Fresh and Crazy Fresher's Party

Date: 22-09-2023



फ्रेशर्स पार्टी में जोश में दिखे स्टूडेंट्स.

हमदर्द साफी सेल्फी कांटेस्ट विनर शाल्वी सिंह.

मार्गो नीम नेचुरल सेल्फी कांटेस्ट विनर सुष्मिता बेरा.

# Talent Show

Hamdard SAFI Present inext fresh n crazy COLLEGE FRESHER'S PARTY

### हमदर्द साफी प्रेजेंट्स, दैनिक जागरण नेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर पार्टी में हुआ धमाल

kanpur@inext.co.in

KANPUR (22 Sept): हमदर्द साफी प्रेजेंट्स, दैनिक जागरण आई नेक्स्ट फ्रेश एंड क्रेजी कॉलेज फ्रेशर पार्टी का आयोजन थर्सडे को सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में किया गया. इस दौरान फ्रेशर्स का शानदार तरीके से वेलकम किया गया. इसके बाद सीनियर्स और जूनियर्स ने मिलकर पार्टी में धमाल मचाया. डिफरेंट एक्टिविटीज और फन गेम्स के जरिए अपना टैलेंट भी दिखाया.

### स्टूडेंट्स ने दिखाया टैलेंट

वहीं हर बार की तरह एंकर अमित शर्मा ने अपनी धमाकेदार एंकरिंग से सभी का एटरटेनमेंट करते हुए खूब हंसाया और फ्रेशर पार्टी को फन एंड क्रेजी पार्टी में बदला. इस दौरान रैंप वॉक, सेल्फी कांटेस्ट, डांस, मिस ब्यूटीफूल स्कीन और मिस फ्रेश फेस समेत कई अलग अलग एक्टिविटीज में स्टूडेंट्स ने अपने टैलेंट को दिखाया.

मिस्टर फ्रेशर वंश गौतम.

मिस फ्रेशर प्राची यादव.

### ये हैं स्पॉन्सर्स

- टाइटल स्पांसर हम्दर्द साफी
- को-पावर्ड बाई मार्गो नीम नेचुरल्स
- इन एसोसिएशन विद एप्पी फिज
- हाईजीन पार्टनर प्रो-ईज

### ये हैं विनर्स

- मिस्टर फ्रेशर - वंश गौतम
- मिस फ्रेशर - प्राची यादव
- हमदर्द साफी मिस ब्यूटीफूल स्कीन - अंजली थापा
- हमदर्द साफी सेल्फी कांटेस्ट - शाल्वी सिंह
- एप्पी फिज डांस परफार्मर - अभय चंदेल
- मार्गो नीम नेचुरल मिस फ्रेश फेस कांटेस्ट- प्रांजली मौर्या
- मार्गो नीम नेचुरल्स सेल्फी कांटेस्ट - सुष्मिता बेरा
- प्रो इज कांफीडेंस विथ इज - श्रेया यादव

### वंश बने मिस्टर फ्रेशर और प्राची बनीं मिस फ्रेशर

फ्रेशर पार्टी के एंड में मिस्टर और मिस फ्रेशर का सिलेक्शन किया गया, जिसमें वंश गौतम को मिस्टर और प्राची यादव को मिस फ्रेशर चुना गया. स्टूडेंटस ने तालियां बजाकर मिस्टर और मिस फ्रेशर का वेलकम किया. दोनों विनर्स ने अलग अलग कैटेगरी में टैलेंट को दिखाकर खिताब को अपने नाम किया. मौजूद स्टूडेंट्स में किसी ने रैंप वॉक की तो किसी ने फिल्मी गानों की धुन पर डांस किया. सभी को अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला.

Ms. Beautiful Skin

Confidence with ease

Ms. Fresh Face

मार्गो सेल्फी फेस कंटेस्टेंट.

एप्पी फिज डांस परफार्मर अभय.

### पार्टी में मौजूद टीचर्स ने किया स्टूडेंट्स को मोटिवेट

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में डिपार्टमेंट के फैकल्टी मेंबर्स शिवांसु, अंकित, अरविंद और ऐश्वर्य आर्य भी मौजूद रहे. सभी ने स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मोटिवेट किया.

Event: Photography Competition

Date: 23-09-2023

# फोटोग्राफी में प्रियंका व अविगत बने विजेता

कानपुर। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रियंका कटेरिया और अविगत रमाभ विजेता बने। दूसरे स्थान पर वैभव व प्राची रहे। शुभम, शिवांशु सिंह, सुधांशु रंजन, सुशील शुक्ला व संस्कृति सिंह तीसरे स्थान पर रहे। सीएसजेएमयू में होने वाले दीक्षांत से पहले चल रहे दीक्षोत्सव में शुक्रवार को फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ डीएसडब्ल्यू प्रो. नीरज कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर डॉ. प्रवीन कटियार, डॉ. राबिंस पोरवाल, डॉ. ममता तिवारी ने किया।

# प्रियंका और अविगत बने फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता

कानपुर : सीएसजेएमयू के दीक्षोत्सव सप्ताह में शुक्रवार को जैव-विविधता पर आधारित डाक्यूमेंट्री एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रियंका कटेरिया एवं अविगत रमाभ ने जीती। दूसरे स्थान पर वैभव, प्राची और तीसरे स्थान पर शुभम, शिवांशु, सुधांशु रंजन, सुशील शुक्ल और संस्कृति सिंह रहे। शुभारंभ डीएसडब्ल्यू प्रो. नीरज सिंह, चीफ प्राक्टर डा. प्रवीण कटियार, डा. राबिंस ने किया। वि

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

Event: DEEKSHOTSAV -2023

Date: 27-09-2023











# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)

Event: Inter Collegiate Kabaddi Tournment (M & W)

Date: 29-09-2023 and 30-09-2023












**Event: Basketball Tournament**

**Date: 18-10-2023**

# बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में भिड़ीं 10 महाविद्यालयों की टीमें

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 18 अक्टूबर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को इंटर कॉलेजेज बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। इसमें पुरुष वर्ग में 10 महाविद्यालयों के 110 खिलाड़ियों व महिला वर्ग में 4 महाविद्यालय की 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरज सिंह (डीएसडब्ल्यू) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पुरुष वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीएसजेएमयू की टीम प्रथम, डीएवी कॉलेज दूसरे और क्राइस्ट चर्च कॉलेज तीसरे स्थान पर रहीं, तो बालिका वर्ग में विवि की टीम प्रथम, क्राइस्टचर्च दूसरे और पीपीएन कॉलेज तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उत्तर प्रदेश बॉस्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र विक्रम सिंह व उनकी टीम स्वाति चक्रवर्ती, देवांश, मान, शुभम, विजय ने निभायी। विजेता टीमों को मुख्य अतिथि प्रो. नीरज कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर क्रीड़ा सचिव डॉ. आशीष कटियार, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन के हेड श्रवण कुमार मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेन्डर क्रमांकः CEN05GWL1323
ई-टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस
उप मुख्य अभियन्ता निर्माण उ०म०रे० ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए **खुली ई निविदा (सिंगल-पैकेट सिस्टम)** ऑन लाइन (ई - टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती है:-
ई-टेन्डर क्रमांकः CEN05GWL1323
कार्य का विवरणः एडीईएन/ग्वालियर के तहत सुमावली-कैलारस के बीच ट्रैक (नई जी सी लाइन) के रखरखाव का कार्य।
अनुमानित लागत (₹)ः 24.03 Lakh | निविदा बन्द होने की तिथिः 08.11.2023
कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह
• ऑन लाइन निविदा दिनांक 08.11.2023 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 1683/23 (ADM)
North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

# बास्केटबाल में सीएसजेएमयू की टीम विनर



**KANPUR:** सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के स्टेडियम में वेडनसडे को इंटर कॉलेजिएट बास्केटबॉल कॉम्पटीशन का समापन हुआ. चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद रहे डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर नीरज सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जज के रोल मे वीरेंद्र विक्रम सिंह के साथ स्वाति चक्रवर्ती ,देवांश ,मानस ,शुभम, विजय वी रहे. पुरुष वर्ग एवं एकल को मिलाकर टोटल 10 कॉलेजो से 110 प्लेयर्स ने पार्टिसिपेट किया. महिला वर्ग में 4 कॉलेजो से 55 प्लेयर्स आई. पुरुष और बालिका वर्ग मे सीएसजेएमयू पहले स्थान पर रहा. इस मौके पर स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डॉ आशीष कटियार, श्रवण कुमार, निमिषा और मोहित आदि मौजूद रहे.

Event: Musical Programme on Devotional Compositions

Date: 27-10-2023

## तबले की थाप और वॉयलिन की तान संग बही भक्ति रसधार

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रेक्षागार में शुक्रवार को सगुण एवं निर्गुण भक्ति रचनाओं पर आधारित संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से आए संगीतज्ञ डॉ. रवि जोशी ने अपनी सुमधुर गायिकी से श्रोताओं को भक्ति रसधार से सराबोर कर दिया। तबले पर एसएन सेन कन्या महाविद्यालय के डॉ. हरीश झा एवं वॉयलिन पर देवानंद पाठक ने कुशल संगत की। डॉ. जोशी ने माया बड़ी ठगनी, कोई कहियो री प्रभु आवन की, यारों सुनो ये दधि के चुरैया का बालपन जैसी भक्ति रचनाएं सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। यहां पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, डॉ. ऋचा मिश्रा, डॉ. दिवाकर अवस्थी और डॉ. विमल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भक्ति रचनाओं की मधुर धारा में डूबे संगीतप्रेमी

जासं, कानपुर : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के वीरांगना लक्ष्मी बाई प्रेक्षागार में शुक्रवार शाम सगुण एवं निर्गुण भक्ति रचनाएं संगीत समारोह का आयोजन हुआ। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से आए संगीतज्ञ डा. रवि जोशी ने माया बड़ी ठगनी, कोई कहियो री प्रभु आवन की, यारों सुनो ये दधि के चुरैया का बालपन समेत कई अन्य सगुण एवं निर्गुण भक्ति रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। तबले पर एसएन सेन कन्या महाविद्यालय के तबला वादक डा. हरीश झा और कानपुर के ही वायलिन वादक देवानंद पाठक ने कुशल संगत की। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, कुलसचिव डा. अनिल यादव, वित्त अधिकारी श्री अशोक त्रिपाठी, छात्र अधिष्ठाता डा. नीरज सिंह ने समारोह का शुभारंभ किया।

## सुनो ये दधि के चुरैया का बालपन...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



संगीतमय प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। अमृत विचार

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के वीरांगना लक्ष्मी बाई प्रेक्षागार में शुक्रवार की शाम सगुण एवं निर्गुण भक्ति अलौकिक कार्यक्रम के नाम रही। जिसमें यारों सुनों ये दधि के चुरैया का बालपन और माया बड़ी ठगनी, कोई कहियो री प्रभु आवन की के साथ अन्य भजनों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान भक्ति के रस लोगों के दिल दिमाग में इस कदर छाया कि निरंतर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंजता रहा।

कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रतिकुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, छात्र अधिष्ठाता डॉ. नीरज सिंह के दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से आए विश्व प्रसिद्ध संगीतज्ञ डॉ. रवि जोशी ने अपनी सुमधुर गायिकी से श्रोताओं को सगुण एवं निर्गुण भक्ति रस की मधुर धारा से सराबोर कर दिया। तबले पर कानपुर के एसएन सेन कन्या महाविद्यालय के सिद्धहस्त तबला वादक डॉ. हरीश झा एवं कानपुर के ही सुप्रसिद्ध वायलन वादक देवानंद पाठक ने कुशल संगत की। डॉ. जोशी ने कई भजनों और रचनाओं पर तालियां बटोरी। आयोजक डॉ. ऋचा मिश्रा रहीं। डॉ. दिवाकर अवस्थी, डॉ. विमल सिंह, डॉ. बद्री नारायण मिश्र, डॉ. कल्पना अग्निहोत्री, डॉ. रागिनी स्वर्णकार, डॉ. शुभम वर्मा, विभाग प्रभारी डॉ. रश्मि गोरे उपस्थित रहीं।

Event: Wushu (M)

Date: 17-10-2023 and 18-10-2023

# वुशू में आकांक्षा, नरेंद्र ने जीता स्वर्ण

कानपुर। सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के बहुउददेशीय हॉल में अंतर महाविद्यालीय वुशू प्रतियोगिता बुधवार को हुई। इसमें बालिका 45 किलो वेट कैटेगरी में आकांक्षा यादव और बालक 48 किलो वेट कैटेगरी में नरेंद्र यादव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बालिका वर्ग (52 किलो) में सौम्य तिवारी, 56 किलो में काजल साहू, 60 किलो में मनीषा, 65 किलो में पल्लवी चौरसिया, 70 किलो में दिव्यांशी द्विवेदी और 80 किलो में दीक्षा पंत ने भी स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

वहीं, बालक वर्ग के 48 किलो में नरेंद्र यादव, 52 किलो में चंदन कुमार यादव, 56 किलो में संगम सिंह, 60 किलो में अभिषेक शुक्ला, 65 किलो में पुनीत कुमार, 70 किलो में धनंजय, 75 किलो में अक्षत शुक्ला, 80 किलो में विपिन सेन, 85 किलो में विवेक यादव, 90 किलो में विक्रांत वैष्णव अग्निहोत्री और 90 किलो में अंकित शुक्ला स्वर्ण पदक हासिल किया। मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, क्रीडा सचिव डॉ आशीष कुमार कटियार, विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार यादव, आदि मौजूद रहे।



सीएसजेएमयू के कुलपति विनय पाठक ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की।

Event: Humorous Poetry Conference

Date: 23-11-2023

# सीएसजेएम विवि में होगा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 23 नवंबर। लायंस क्लब ऑफ कानपुर (मेन) के तत्वावधान में शनिवार को सीएसजेएम विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सेमडे द्वारा प्रस्तुत हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कवि सम्मेलन में कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. सौरभ कांत, गौरी मिश्रा और दीपक सैनी जैसे कवि व कवियित्री जब हास्य से भरपूर शब्द बाण छोड़ेंगे तो महफिल में हंसी के फव्वारे फूटेंगे। कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाने के लिये पास का होना अति आवश्यक है। हालांकि यह पास निःशुल्क है जो कि पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर दिये जायेंगे। इसके लिये आप पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक इन नंबरों (8795339307, 7379424111, 9389860222) पर संपर्क कर सकते हैं।

# विवि में हास्य कवि सम्मेलन आज

कानपुर। शनिवार शाम सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हास्य रस काव्य के बेताज बादशाह पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, कवि डॉ. दीपक गुप्ता, कवि डॉ. सौरभ कांत, कवयित्री गौरी मिश्रा और स्टैंडअप कॉमेडियन दीपक सैनी जैसे कवि जब हास्य से भरपूर शब्दों के बाण छोड़ेंगे तो महफिल में हंसी के फव्वारे फूटेंगे ही। लायंस क्लब ऑफ कानपुर (मेन) इसके मुख्य आयोजक हैं। हास्य कवि सम्मेलन में प्रवेश पत्र यानि पास जरूरी है। एंट्री के पास निशुल्क हैं। इसके लिए सुबह 11 बजे से दो बजे तक मोबाइल नंबरों 8795339307, 7379424111, 9889860222 पर सम्पर्क किया जा सकता है। (एसएनबी)

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
## Uttar Pradesh State University
## (Formerly Kanpur University, Kanpur)


Event: North-East Zone Interuniversity Judo (M & W)

Date: 30-12-2023 to 06-01-2024

## नार्इ-ईस्ट जोन अंतरविश्वविद्यालीय जूडो प्रतियोगिताएं 31 दिसम्बर से 6 जनवरी तक



वार्ता करते प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, प्रो. नीरज कुमार।

कानपुर, 29 दिसम्बर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में नार्थ ईस्ट जोन अंतरविश्वविद्यालीय पुरुष एवं महिला वर्ग की जूडो प्रतियोगिताएं 31 दिसम्बर 2023 से 06 जनवरी 2024 तक आयोजित की जाएगी। जूडो प्रतियोगिता में कुल 62 विश्वविद्यालय पंजीकृत हुए हैं जिसमे 82 टीम प्रतिभाग करेगी। साथ ही प्रत्येक टीम में कोच / मैनेजर सहित 09 सदस्य सम्मिलित होंगे। महिला वर्ग के मुकाबले दिनांक 31 दिसंबर से शुरू होंगे और फाइनल मैच दिनांक 02-1-2024 को खेला जाएगा।यह जानकारी सीएसजेएमयू के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, प्रो. नीरज कुमार, आशीष कटियार ने शुक्रवार को विवि केइंटरनेशनल गेस्ट हाउस में संयुक्त रूप से पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि नार्थ ईस्ट जोन अंतरविश्वविद्यालीय जूडो प्रतियोगिता में खेल जगत के नामी गिरामी खिलाड़ी शामिल होगी। जिसमें द्रोणाचार्य अवार्ड, ओलपिंयन, अर्जुन अवार्ड हासिल करने वाले खिलाड़ी अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जूडो प्रतियोगिता का उदघाटन रविवार को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा।

## 62 यूनिवर्सिटी के 600 प्लेयर सीएसजेएमयू में दिखाएंगे दम

### नार्थ ईस्ट जोन इंटरयूनिवर्सिटी जूडो चैंपियनशिप 31 से होगी



kanpur@inext.co.in

**KANPUR (29 Dec):** सीएसजेएमयू में 31 दिसंबर से 06 जनवरी 2024 तक देश की 62 यूनिवर्सिटी के 600 प्लेयर्स जूडो में जीत के लिए फाइट करेंगे. फ्राइडे को सीएसजेएमयू के प्रोवीसी प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि कैंपस में पहली बार नार्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो (मैन एंड वूमेन) चैंपियनशिप की मेजबानी की जाएगी. इस कॉम्पटीशन में 31 दिसंबर से 02 जनवरी तक वूमेन और 04-06 जनवरी तक मैन कैटगरी के मुकाबले होंगे.

प्रोवीसी ने बताया कि इस तरह का आयोजन देश में सिर्फ दो जगह हो रहा है, जिसमें मुंबई में साउथ वेस्ट जोन के प्लेयर अपनी किस्मत को आजमा रहे हैं.

### इंटर जोन कॉम्पटीशन

नार्थ जोन की चैंपियनशिप को सीएसजेएमयू में कराया जा रहा है. हर कैटेगरी के टॉप 16 विनर्स के बीच इंटर जोन कॉम्पटीशन होगा. उसमें जीतने वाले प्लेयर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पार्टिसिपेट करेंगे. प्रेस कांफ्रेंस में रजिस्ट्रार डॉ. अनिल यादव, प्रो. नीरज कुमार, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डॉ. आशीष कटियार व डॉ. विशाल रहे.

### इन्हें भेजा न्योता

स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डॉ. आशीष कटियार ने बताया कि इस कॉम्पटीशन में खेल जगत से जुड़ी देश की कई नामचीन हस्तियां शामिल होंगी. अभी तक द्रोणाचार्य अवार्डी जीवन शर्मा, अर्जुन अवार्डी यशपाल सोलंकी, इंटरनेशनल मेडलिस्ट यामिनी मौर्या, ओलंपियन अवतार सिंह और इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो संघ के फाउंडर मुनव्वर अंजार को न्योता भेजा गया है.

## आंख, हाथ-पैर से नहीं जज्बे से मिलते हैं पदक

- कानपुर आईं इंटरनेशनल पदक विजेता कोकिला
- जूडो चैंपियनशिप में रजत और एशिया पैरा जूडो में कांस्य पदक जीता

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। खेलों में पदक आंख, हाथ या पैर से नहीं मिलते बल्कि दिल के जज्बे व मजबूत इरादों से जीते जाते हैं। इसे सही साबित किया है नेत्रहीन खिलाड़ी कोकिला ने। कई इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकीं कोकिला ने कानपुर में शुरू हुई नार्थ ईस्ट जोन इंटर जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

